दिन– रविवार दिनांक– 17 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. महिला एशियाई हॉकी चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत का विजय अभियान जारी। अंतिम ग्रुप मुकाबले में जापान को तीन शून्य से हराया।

02. सेमी फाइनल में भारत का मुकाबला चौथे नंबर की टीम जापान से होगा। दुसरे सेमी फाइनल में चीन की टक्कर मलेशिया से।

03. मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सादा ने कहा–सिवान जहरीली शराब कांड मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश मे ठंड में बढ़ोतरी। सुबह और शाम के समय अधिकांश हिस्सों में घने कोहरे की स्थिति।

---

राजगीर में खेले जा रहे महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता में आज भारत ने जापान को अपने अंतिम ग्रुप–मुकाबले में तीन शून्य से पराजित कर जीत का अभियान जारी रखा है। प्रतियोगिता में भारतीय टीम अब तक कोई मैच नही हारी है। आज खेले गए मुकाबले में भारत की ओर से दीपिका ने दो गोल दागे जबकि एक गोल नवनीत कौर ने किया। इस जीत के साथ भारत महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में प्वायंट टेबल में शीर्ष स्थान पर रहा है। कल आराम का दिन है। उन्नीस नवंबर मंगलवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले जायेंगे। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला चौथे नंबर की टीम जापान से होगा। जबकि दुसरे सेमीफाइनल में चीन का मुकाबला मलेशिया से होगा।

---

मद्य निषेद मंत्री रत्नेश सादा ने कहा है कि सिवान में जहरीली शराब से हुई मौत मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। श्री सादा ने कहा कि इस मामले के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य में शराबबंदी पूरी तरह से लागू है और लोगों को इसका फायदा की मिला है।

–––बाईट–––

---

विधान परिषद की तिरहुत स्नातक सीट पर पांच दिसम्बर को होने वाले उप चुनाव के लिए नामांकन का कल अंतिम दिन है। जानकारी के अनुसार अभी तक जदयू के अभिषेक झा, आरजेडी के प्रोफेसर गोपी किशन, जनसुराज के डॉ. विनायक गौतम और कई निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उन्नीस नवम्बर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि इक्कीस नवम्बर तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं। ताजा जानकारी के अनुसार नामांकन दाखिल कर चुके निर्दलीय उम्मीदवार राजेश कुमार रौशन की हृदयगति रूक जाने से मृत्यु हो गई। इसे लेकर पूरे निर्वाचन क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया है।

---

राज्य में पैक्स चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज समाप्त हो गयी है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के अनुसार कल नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी और बाईस नवंबर तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकते है। इस चरण के लिए मतदान उनतीस नवम्बर को होगा। वहीं, चौथे चरण में एक दिसम्बर को होने वाले मतदान के लिए आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चौथे चरण वाले चुनाव क्षेत्रों में नामांकन के पहले दिन अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखा गया। इधर, मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आने के बाद विभिन्न जिलों में सात और पैक्सों के चुनाव स्थगित कर दिए गए है। अनियमितता को लेकर अब तक कुल छियालीस पैक्सों में चुनाव प्रक्रिया स्थगित की जा चुकी है।

---

श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा है कि ग्राम रक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा दिया जाएगा। श्री सिंह ने बक्सर जिले के जासो में बिहार राज्य दलपति और ग्राम रक्षा दल महासंघ के जिला कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि ग्राम रक्षा दल के जवानों को स्थायी कर उचित मानदेय दिये जाने की मांग पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम रक्षा दल के जवानों को पंचायती राज विभाग के द्वारा विभिन्न पंचायतों में ड्यूटी लगाई जाएगी।

---

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने कहा है कि सरकारी शिक्षकों पर स्कूल में रील बनाने और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर सख्त मनाही है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक बेहतरी और पठन–पाठन के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर कोई रोक नही है। लेकिन स्कूल के संचालन अवधि में शिक्षकों को केवल पठन–पाठन से संबंधित कार्य ही करने होंगे।

–––बाईट–––

---

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमें अपनी व्यक्तिगत क्षमताओं को जागृत करना होगा। राजगीर में आयोजित नालंदा ज्ञानकुंभ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री आर्लेकर ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए स्व–जागरण की आवश्यकता है और इसकी शुरुआत स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से शुरू होती है। उन्होंने कहा कि हमें स्वभाषा, स्वशिक्षा, स्वसंस्कृति, स्वइतिहास, स्वपरंपरा को लेकर आगे बढ़ना होगा तभी लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है। इस अवसर पर सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के पवई पंचायत के केसरगंज गांव में नदी में स्नान के दौरान दो किशोर की डूब कर मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार की है। एसडीआरएफ के जवानों ने आज दोनों किशोर का शव फलका थाना क्षेत्र के मोजान घाट से बरामद किया है।

---

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति भूषण गवई ने कहा है कि अनुच्छेद उनतालीस–ए कमजोर वर्गों के लिए मुफ्त कानूनी सहायता के अधिकार की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि यह वंचितो की न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करता है। न्यायमूर्ति गवई ने आज चंडीगढ़

न्यायिक अकादमी में हाशिए पर मौजूद लोगों को सशक्त बनाने और सामाजिक न्याय की ओर कदम विषय पर आयोजित राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरणों के क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान यह बात कही।

---

राज्य के विभिन्न भागों में आज से इक्कीस नवंबर तक चलने वाले पोलियों टीकाकरण अभियान की शुरूआत हो गई है। अभियान के तहत पाँच साल तक के सभी बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जायेगी। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने न्यू गार्डिनर अस्पताल में बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि कोई भी बच्चा पोलियों के खुराक से वंचित न रह पाये। पटना में आठ लाख बाईस हजार से अधिक बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

———बाईट———

इधर, रोहतास के प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार सिंह ने बच्चे पोलियों दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरूआत की। शेखपुरा में सिविल सर्जन डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने सदर अस्पताल मे पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की।

---

पटना के यातायात पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने कहा है कि बार–बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। श्री लोहान ने कहा कि पांच बार या उससे अधिक चलान कटने पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कर दिए जायेंगे।

———बाईट———

---

उत्तर–पश्चिम हवा के प्रवाह के कारण राज्य के विभिन्न भागों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कमी से ठंड का अहसास बढ़ है। मौसम विभाग से मिली

जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नेपाल के तराई वाले क्षेत्रों से सटे उत्तर बिहार के अधिकांश भागो में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। दृश्यता का स्तर कम होने के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में विभिन्न स्थानों पर अत्यधिक घना कोहरा छाया रहेगा। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के अन्य भागो में भी घना कोहरा छाया रहने की संभावना है।

---

पूर्वोत्तर रेलवे के चौरा चौरी–गौरी बाजार–बैतालपुर स्टेशनों के मध्य तकनीकी कार्य के चलते कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल औरपरसों गोरखपुर–पाटलिपुत्र–गोरखपुर एक्सप्रेस, नरकटियागंज–गोरखपुर कैंट–नरकटियागंज स्पेशल और नरकटियागंज–बढ़नी–नरकटियागंज स्पेशल रद्द रहेगी। दरभंगा, नरकटियागंज, जयनगर से खुलने वाली कई ट्रेनों के परिचालन और ठहराव में बदलाव किया गया है।

---

त्योहारों की समाप्ति के बाद अपने कार्यस्थल पर लौटने वाले प्रवासियों की सुविधा के लिए रेलवे कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। पूर्व–मध्य रेलवे आज दानापुर, पटना, मुजफ्फरपुर, जयनगर, दरभंगा, रक्सौल, बरौनी, और राजगीर समेत प्रदेश के विभिन्न स्टेशनों से उनतीस विशेष ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। पूर्व–मध्य रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि दिल्ली, कोटा, मुम्बई, अमृतसर समेत देश के विभिन्न शहरों तक ये स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही हैं।

---

पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कथित तौर पर एक मृतक की आंख निकाले जाने के मामले में आलमगंज थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि परिजनों के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इधर, अस्पताल प्रबंधन ने ड्यूटी पर तैनात दो नर्सों को निलंबित कर दिया है।

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है और परिजनों की ओर से लगाए जा रहे आरोपों की जांच होनी चाहिए।

---

बेगूसराय पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई कर जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेव चौक पर पिछले दिनों बैंक लूट की घटना में शामिल दो अपराधियों को दिल्ली के स्वरूपनगर से गिरफ्तार किया है।

खगड़िया जिले के मानसी थाना क्षेत्र अंतर्गत राजाजान गांव में अपराधियों ने पूर्व उपप्रमुख अशोक पोद्दार को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गोलीबारी की इस घटना में पूर्व उपप्रमुख के पुत्र अंकित कुमार की मौत हो गई।

---

बेगूसराय के जुबली हॉल में बिहार स्वर कोकिला शारदा सिन्हा के स्मृति मे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विधान पार्षद सर्वेश सिंह, विधायक कुंदन कुमार, पूर्व सांसर शत्रुघ्न प्रसाद सिंह समेत अनेक गणमान्य लोगों ने लोक गयिका शारदा सिन्हा को पुष्पांजलि अर्पित की।

---

मधुबनी पुलिस ने रहिका थाना क्षेत्र से फरार शराब कारोबारी चंदन कुमार यादव और रामाशिष मुखिया को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

---

01. महिला एशियाई हॉकी चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत का विजय अभियान जारी। अंतिम ग्रुप मुकाबले में जापान को तीन शून्य से हराया।
02. सेमी फाइनल में भारत का मुकाबला चौथे नंबर की टीम जापान से होगा। दुसरे सेमी फाइनल में चीन की टक्कर मलेशिया से।
03. मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सादा ने कहा–सिवान जहरीली शराब कांड मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।
04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश मे ठंड में बढ़ोतरी। सुबह और शाम के समय अधिकांश हिस्सों में घने कोहरे की स्थिति।

---

समाप्त